विक्रम संवत 2082
शनिवार, 12 अप्रैल 2025
वर्ष 6, अंक 141, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये
अमृत विचार
बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार

PAGE NO 4 : BOTTOM

# डीपीएस ने बेदी इंटरनेशनल को हराया



मैच में दिल्ली पब्लिक स्कूल और बेदी इंटरनेशनल स्कूल की टीमें भिड़ती हुईं।

**बरेली, अमृत विचार :** श्रीराम मूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सिक्स के तीसरे दिन शुक्रवार को दिल्ली पब्लिक स्कूल ने बेदी इंटरनेशनल स्कूल को 36 रन से हराया। दूसरे मैच में नेशनल पब्लिक स्कूल ने आदर्श निकेतन स्कूल को एक विकेट से पराजित किया।

डीपीएस की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट खोकर 152 रन बनाए। बेदी इंटरनेशनल की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 116 रन ही बना सकी। डीपीएस ने 36 रन से मैच जीत लिया। डीपीएस के आदर्श कुशवाहा को मैन आफ द मैच चुना गया। दूसरा मैच नेशनल पब्लिक स्कूल और आदर्श निकेतन स्कूल के बीच हुआ। आदर्श निकेतन की टीम ने 18 ओवर में 112 बनाए। नेशनल पब्लिक स्कूल की टीम ने 19.1 ओवर में मैच जीत लिया।नेशनल पब्लिक स्कूल के गेंदबाज विवेक को मैन आफ द मैच चुना गया।